भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2543
(19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

बाजार से जुड़े गांव

2543. श्री हेमन्त पाटिल:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र में बहुत कम जनसंख्या वाली कई बस्तियां मौजूद हैं;
(ख) यदि हां, तो अभी कितने गांवों को सड़कों से जोड़ा जाना शेष है;
(ग) हिंगोली, नांदेड़ और यवतमाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कितने गांवों को अभी भी बाजारों से जोड़ा जाना शेष है जिसके कारण ग्रामीण बाजार सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं; और
(घ) इन बाधाओं को दूर करने और इन गांवों में रहने वाली जनजातियों को बाजार तक पहुंच प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (घ): पीएमजीएसवाई-I ग्रामीण आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कोर नेटवर्क में निर्धारित जनसंख्या (2001 की जनगणना के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में 500 से अधिक और पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालयी राज्यों और हिमालयी संघ राज्य क्षेत्रों में 250 से अधिक) वाली सड़क विहीन पात्र बसावटों को एकल बारहमासी सड़क के माध्यम से ग्रामीण संपर्क उपलब्ध कराने के लिए एकबारगी विशेष कार्यकलाप के रूप में शुरू की गई थी।

मरूभूमि क्षेत्रों (मरूभूमि विकास कार्यक्रम में निर्धारित), जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों और चुनिंदा जनजातीय और पिछड़े जिलों (जैसा कि गृह मंत्रालय (एमएचए) और तत्कालीन योजना

आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है) को छूट प्रदान की गई है और 2001 की जनगणना के अनुसार कोर नेटवर्क में 250 व्यक्तियों और उससे अधिक की आबादी वाले इन क्षेत्रों में सड़कों से न जुड़ी बस्तियां इस योजना के अंतर्गत सड़क संपर्क के लिए पात्र हैं। वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित ब्लॉकों (गृह मंत्रालय द्वारा यथा निर्धारित) में बसावटों को जोड़ने के लिए 2001 जनगणना के अनुसार 100 व्यक्तियों और इससे अधिक आबादी वाली बसावटों को अतिरिक्त छूट दी गई है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-I) के अंतर्गत सम्पर्कता के लिए इकाई 'बसावट' है न कि राजस्व ग्राम या ग्राम पंचायत अथवा गांव। महाराष्ट्र राज्य में 250 से अधिक की जनसंख्या श्रेणी के तहत पीएमजीएसवाई के तहत सम्पर्कता प्रदान करने के लिए 1,347 बसावटों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1,340 बसावटों को पहले ही सम्पर्कता प्रदान की जा चुकी है। 100-249 जनसंख्या श्रेणी की बसावटों के अंतर्गत 74 बसावटों को स्वीकृति दी गई थी और सभी को सड़कों से जोड़ दिया गया है। हिंगोली, नांदेड़ और यवतमाल जिलों में सभी पात्र बसावटों को पहले ही सड़कों से जोड़ दिया गया है। पीएमजीएसवाई-1 को पूरा करने की समय सीमा मार्च, 2024 है। महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत, सड़कों से जुड़ी और शेष बस्तियों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत जिला-वार और वर्ष-वार बसावटों का ब्यौरा कार्यक्रम की वेबसाइट **omms.nic.in=>progress monitoring=>Habitation coverage report.** पर देखा जा सकता है।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2543 के बिंदु (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत हिंगोली, नांदेड़ और यवतमाल सहित महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत, सड़क संपर्क प्रदान की गई और शेष बची बसावटों का जिला-वार ब्यौरा

क्र. सं.	जिले का नाम	स्वीकृत			सड़क संपर्क प्रदान की गई			शेष		
		250+	100-249	कुल	250+	100-249	कुल	250+	100-249	कुल
1	अहमदनगर	112	0	112	110	0	110	2	0	2
2	अकोला	22	0	22	22	0	22	0	0	0
3	अमरावती	2	0	2	2	0	2	0	0	0
4	औरंगाबाद	20	0	20	20	0	20	0	0	0
5	बीड	16	0	16	16	0	16	0	0	0
6	भंडारा	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	बुलढाना	36	0	36	36	0	36	0	0	0
8	चंद्रपुर	5	0	5	5	0	5	0	0	0
9	धुले	80	0	80	80	0	80	0	0	0
10	गडचिरोली	50	73	123	50	73	123	0	0	0
11	गोंदिया	26	1	27	26	1	27	0	0	0
12	**हिंगोली**	**28**	**0**	**28**	**28**	**0**	**28**	**0**	**0**	**0**
13	जलगांव	0	0	0	0	0	0	0	0	0
14	जलना	12	0	12	12	0	12	0	0	0
15	कोल्हापुर	27	0	27	27	0	27	0	0	0
16	लातूर	3	0	3	3	0	3	0	0	0
17	नागपुर	4	0	4	4	0	4	0	0	0
18	**नांदेड़**	**14**	**0**	**14**	**14**	**0**	**14**	**0**	**0**	**0**
19	नंदुरबार	161	0	161	157	0	157	4	0	4

20	नासिक	136	0	136	136	0	136	0	0	0
21	उस्मानाबाद	10	0	10	10	0	10	0	0	0
22	परभनी	7	0	7	7	0	7	0	0	0
23	पुणे	71	0	71	71	0	71	0	0	0
24	रायगढ़	41	0	41	40	0	40	1	0	1
25	रत्नागिरि	50	0	50	50	0	50	0	0	0
26	सांगली	58	0	58	58	0	58	0	0	0
27	सतारा	66	0	66	66	0	66	0	0	0
28	सिंधुदुर्ग	29	0	29	29	0	29	0	0	0
29	सोलापुर	6	0	6	6	0	6	0	0	0
30	थाने	30	0	30	30	0	30	0	0	0
31	वर्धा	16	0	16	16	0	16	0	0	0
32	वाशिम	3	0	3	3	0	3	0	0	0
33	**यवतमाल**	**19**	**0**	**19**	**19**	**0**	**19**	**0**	**0**	**0**
34	पालघर	187	0	187	187	0	187	0	0	0
कुल		1,347	74	1,421	1,340	74	1,414	7	0	7